आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 28.01.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक राष्ट्र एक चुनाव के अंतर्गत एक साथ चुनाव कराने पर जोर दिया है।

2. दक्षिण अंडमान जिले में बिना वैध लाइसेंस के होटलों, अतिथि आवासों, लॉज और बेड एंड ब्रेकफास्ट को संचालित करने की अनुमति नही है।

3. नमुनाघर में आयोजित तीसरे पंचायत स्थापना दिवस मेले में थाना प्रभारी ने भारत को आत्मनिर्भर बनाने में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला।

4. श्री शतरंज अकादमी के तीसरे फीडे में अट्ठारह सौ से कम रेटिंग शतरंज टूर्नामेंट में द्वीपसमूह के शतरंज खिलाड़ियों का बेहतर प्रदर्शन।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक राष्ट्र एक चुनाव के अंतर्गत एक साथ चुनाव कराने पर जोर दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कल नई दिल्ली के करिअप्पा परेड ग्राउंड में राष्ट्रीय कैडेट कोर–एन.सी.सी. की रैली में भाग लिया। इस वर्ष की रैली का विषय था–'युवा शक्ति, विकसित भारत'। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने राष्ट्र के विकास में युवाओं के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि देश का युवा वैश्विक भलाई के लिए शक्ति हैं। श्री मोदी ने कहा कि पिछले दस वर्षों में युवाओं ने एक लाख पचास हजार से अधिक स्टार्ट अप शुरू किये हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि मुद्रा योजना, राष्ट्रीय शिक्षा नीति और छात्रवृत्ति मिलने को सुगम बनाने से युवाओं को नई ऊंचाइयां हासिल करने में मदद मिली है। प्रधानमंत्री ने विकसित भारत बनने के निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में काम करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि लोगों को देश की विरासत पर गर्व करने, अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने, विकसित भारत के लिए काम करने और औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्त होने के लिए पंच प्रण का पालन करना होगा। श्री मोदी ने लोगों से राष्ट्र की एकता के लिए कार्य करने का अनुरोध किया। एनसीसी कैडेटों के योगदान की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि एनसीसी ने निरन्तर युवाओं को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि एनसीसी कैडेट आपदा प्रबंधन और खेल गतिविधियों में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान ज़िले में राष्ट्र विरोधी ताकतों के संदिग्ध गैर गतिविधियों को रोकने और जनता तथा उनकी सम्पत्तियों की रक्षा के लिए जिला उपायुक्त अर्जुन शर्मा की ओर से सभी होटल, आतिथि आवासों,

लॉज और होम स्टे मालिकों के लिए लिखित आदेश जारी किया गया है। आदेश में कहा गया है कि जिन होटलों, अतिथि आवासों, लॉज और बेड एंड ब्रेकफास्ट के पास वैध लाइसेंस है, उन्हें ही जिले में संचालित करने की अनुमति है। ऐसे सभी प्रतिष्ठानों में समुचित मात्रा में सीसी टीवी कैमरा भी होने चाहिए, जिसके जरिए लोगों के परिसरों में प्रवेश और निकासी का पता चल सके। सभी कैमरा कार्य करने की स्थिति में हो और कवरेज को कम से कम तीस दिनों तक संरक्षित रखना होगा। ऐसे सभी संस्थानों को परिसर में रहने वाले लोगों के बारे में पूर्ण जानकारियां रखने के लिए रजिस्टर भी बनाए रखना होगा और संबधित लोगों की वैध पहचान की कॉपी भी रिकॉर्ड के लिए रखनी होगी। ऐसे सभी प्रतिष्ठानों को फार्म सी भरकर निर्धारित अवधि के भीतर प्राधिकृत अधिकारी के पास जमा करना होगा। यह आदेश लागू हो चुका है, जो अगले साठ दिनों तक जारी रहेगा। आदेश में इसका पालन करने को कहा गया है। उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा दो सौ आठ के तहत कार्रवाई की जाएगी।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान ज़िले में आवासीय और वाणिज्यिक संस्थानों को किराए या उप–किराए पर देने से पहले इसमें रहने वाले लोगों की जानकारी नजदीकी पुलिस थाने में देने को कहा गया है। ज़िला मजिस्ट्रेट की ओर से इस संबंध में आदेश जारी करते हुए यह कहा गया है कि इस निर्णय से असामाजिक तत्वों के भागने या छिपने पर रोक लगाया जा सकता है और इससे लोगों की सुरक्षा तथा ज़िले में शांति को भी कायम किया जा सकेगा। आदेश के तहत किसी भी मकान मालिक या वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के प्रबंधक या मालिकों को किराएदारों या पेईंग गेस्ट को रखने से पहले स्थानीय पुलिस थाने में इसकी जानकारी देनी होगी। नौकर के संबंध में भी यह आदेश लागू होगा। यह आदेश लागू हो चुका है और अगले साठ दिनों तक लागू रहेगा।

<><><><><><><>

फरारगंज तहसील के नमुनाघर में हाल ही में तीसरे पंचायत स्थापना दिवस मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सरकारी योजनाओं को दर्शाने के लिए स्टॉल भी लगाए गए। समापन अवसर पर ओग्राब्राज थाना प्रभारी देव आनंद पाठक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा विभाग के निदेशक डॉ. नवीन सम्माननीय अतिथि थे। उन्होंने नए स्टार्ट अप को समर्थन देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया और भारत को आत्मनिर्भर बनाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।

<><><><><><><>

विशाखापत्तनम में आयोजित श्री शतरंज अकादमी के तीसरे फीडे में अट्ठारह सौ से कम रेटिंग शतरंज टूर्नामेंट में अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के शतरंज खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन किया। इस टूर्नामेंट में देश भर से चार सौ से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें द्वीपसमूह के दस खिलाड़ियों ने अपना स्थान बनाया। सोलह सौ से कम रेटिंग की श्रेणी में, जे एस विराट ने दूसरा स्थान हासिल किया। मुख्य ओपन श्रेणी में, डी श्रेष्ठ विजय को ग्यारहवां स्थान मिला। रोहन सिंह ने अंडर–11 लड़कों की श्रेणी में तीसरा स्थान हासिल किया, जबकि  एम रित्विक को अंडर–07 लड़कों की श्रेणी में पांचवां स्थान मिला। अंडर–07 लड़कियों की श्रेणी में एन. धनुश्री ने दूसरा और डी. नेहारिका ने तीसरा स्थान हासिल किया, जबकि टी आरोही ने अंडर–09 की श्रेणी में चौथा स्थान हासिल किया। अंडर–13 लड़कियों की श्रेणी में एस. वरन्या ने तीसरा स्थान, जबकि अंडर–15 की श्रेणी में चिट्टीबोइना मागेश्वरी ने तीसरा और एन रशिका ने चौथा स्थान प्राप्त किया।

<><><><><><><>

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय में जनवरी सत्र में प्रवेश के लिए पुनः पंजीकरण की शुरुआत हो गई है। पंजीकरण की अंतिम तिथि इक्कतीस जनवरी है। सभी पात्र विद्यार्थियों को इग्नू की आधिकारिक वेबसाइट पर पंजीकरण करने को कहा गया है। इसके अलावा इग्नू में नए पाठ्यक्रमों की शुरुआत की गई है। पर्यावरण और व्यावसायिक स्वास्थ्य में मास्टर्स, पर्यावरण और व्यावसायिक स्वास्थ्य में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा और बैचलर ऑफ टूरिज्म एंड ट्रैवल मैनेजमेंट, बैचलर ऑफ आर्ट्स –शिक्षा, वेस्ट मैनेजमेंट में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा और ट्राइबल स्टडीज में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा शामिल हैं। विद्यार्थी अधिक जानकारी के लिए श्री विजयपुरम स्थित इग्नू क्षेत्रीय केंद्र से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

द्वीपसमूह में छियहत्तरवां गणतंत्र दिवस मनाए जाने के समाचार को द्वीपों के सभी समाचार पत्रों में जगह मिली है। द डेली टेलीग्राम्स और द्वीप समाचार ने उप–राज्यपाल द्वारा द्वीपों में की गई प्रमुख उपलब्धियों की रूपरेखा प्रस्तुत करने के समाचार को प्रमुखता दी है। राजनिवास में आयोजित एट होम समारोह में विशिष्ट अतिथियों को सम्मानित करने के समाचार को भी अखबार ने अपने पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है। अंडमान निकोबार कमान द्वारा ब्रिचगंज सैन्य स्टेशन पर कार्यक्रम आयोजित कर अतिथियों को सम्मानित करने के समाचार को द इको

ऑफ इंडिया ने भीतर के पन्ने पर जगह दी है, जबकि रसोई गैस की आपूर्ति में देरी से मायाबंदर और आस–पास के क्षेत्रों के लोगों को हो रही परेशानियों को इंफो इंडिया ने सचित्र प्रकाशित किया है।

<><><><><><><>